गोबिन्द बल्लभ पन्त, हिमालय पर्यावरण एवं विकास संस्थान
कोसी–कटारमल, अल्मोड़ा, 263 643, उत्तराखण्ड

निविदा सूचना

गोविन्द बल्लभ पन्त, हिमालय पर्यावरण एवं विकास संस्थान, कोसी–कटारमल, अल्मोड़ा में **मारूति जिप्सी यू0पी0–01–3148 वाहन (मॉडल 1996) ''जहॉ है जैसी है''** हालत में है के आधार पर बिक्री हेतु एतद् अधोहस्ताक्षरी के नाम से सील बन्द निविदाएं दिनांक 22.06.2015 तक आमंत्रित की गयी थी। इस संदर्भ में निविदा प्राप्ति की अन्तिम तिथि को अब **दिनांक 13-07-2015 के सायं 3:00 बजे** तक बढ़ा दिया गया है तथा उसी दिन 3:30 बजे अपराह्न एतदर्थ गठित समिति द्वारा उपरोक्त संस्थान में खोली जाएगी। वाहन का निरीक्षण **दिनांक 13-07-2015 तक प्रातः 10:00 बजे से सायं 3:00 बजे** तक किसी भी कार्य दिवस में किया जा सकता है।

शर्ते–: निविदा के साथ वाहन हेतु **रू0 10,000/–(दस हजार रूपये मात्र) प्रति वाहन** की पेशगी राशि का **बैंक ड्राफ्ट ''गोबिन्द बल्लभ पंत हिमालय पर्यावरण एवं विकास संस्थान'' जो कि कोसी, अल्मोड़ा में देय हो संलग्न करना अनिवार्य है।** निविदा स्वीकृति उपरान्त यदि संबंधित निविदादाता स्वीकृत निविदा की सम्पूर्ण धनराशि तथा उस पर देय बिक्री कर की धनराशि संस्थान के नाम पर बैंक डिमाण्ड ड्राफ्ट निविदा स्वीकृति की तिथि से तीन दिन के अन्दर जमा करने में असमर्थ रहे तो उसकी पेशगी धनराशि जब्त हो जायेगी। भुगतान चैक द्वारा स्वीकार नहीं किया जाएगा। निविदा एवं बिक्री कर की धनराशि जमा किये जाने के पश्चात् ही उपर्युक्त वाहन संबंधित निविदादाता को विधिवत हस्तान्तरित किया जाएगा। हस्तान्तरण से संबंधित समस्त कार्यवाही निविदादाता द्वारा की जाएगी तथा इस संदर्भ में संस्थान द्वारा यथोचित सहयोग किया जाएगा। किसी भी निविदा या समस्त निविदाओं को बिना कारण बताए स्वीकृत/अस्वीकृत करने का पूर्ण अधिकार संस्थान के निदेशक में निहित है।

प्रशासनिक अधिकारी

कृपया वेब साइट पर अपलोड करें।

श्री विपिन शर्मा